दिन– मंगलवार दिनांक– 19/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन की मौजूदा नीति को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये शिक्षा मंत्री ने कहा कि फिलहाल ट्रांसफर और पोस्टिंग नहीं होगी और शिक्षक अपने वर्तमान विद्यालयों में ही सेवा देंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का स्थानांतरण अब पांच चरणों में आयोजित सक्षमता परीक्षा के पूरा होने के बाद ही किया जायेगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि यदि आवश्यकता हुई तो वर्तमान नीति में परिवर्तन किया जायेगा। गौरतलब है कि पटना उच्च न्यायालय ने शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापना पर रोक लगाते हुये राज्य सरकार को तीन सप्ताह के भीतर सभी बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिये थे।

---

राजगीर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाईनल में आज भारत का मुकाबला जापान से होगा। यह मैच संध्या चार बजकर पैंतालीस मिनट पर शुरू होगा। इधर, पहले सेमीफाईनल में इस समय चीन और मलेशिया की टीमों के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इससे पहले आज पांचवें और छठे स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में कोरिया ने थाईलैंड को शून्य के मुकाबले तीन गोल से हरा दिया। कोरिया पांचवे स्थान पर जबकि थाईलैंड छठे स्थान पर रहा है। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला कल खेला जायेगा।

---

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने आज विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर हमारा शौचालय हमारा सम्मान नाम से तीन सप्ताह तक चलने वाला अभियान शुरू किया। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के बुनियादी ढांचे में सुधार, व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना और देश भर में शौचालयों की कार्यक्षमता और रख–रखाव को बढ़ाकर सामुदायिक गौरव को मजबूत करना है। अभियान के दौरान प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और नागरिकों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी स्वच्छता सफलता की कहानियां साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

---

केन्द्र सरकार ने पच्चीस नवम्बर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन में विभिन्न दलों के बीच समन्वय बनाने के लिए चौबीस नवम्बर को

सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में विधायी कार्यों के निष्पादन के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विचार–विमर्श किया जायेगा।

———————————————————

विधान परिषद की तिरहुत स्नातक सीट पर पांच दिसम्बर को होने वाले उप चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की आज जांच की जा रही है। इक्कीस नवम्बर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण भावी पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे बढ़कर कार्य करने की अपील की है। श्री कुमार आज रोहतास जिले के करगहर प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत कुसही गांव में समाजसेवी और पूर्व मुखिया रामायण राय की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय रामायण राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पौधारोपन भी किया।

———————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड बढ़ रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के उत्तरी भागों में अधिकतर स्थानों पर सुबह के समय मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा। वहीं, अन्य भागों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

———————————————————

बक्सर में कल से शुरू होने वाले पंचकोषी परिक्रमा यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर जुटने वाली तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुये सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

———————————————————

मधुबनी जिले में विभिन्न कारणों से काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाये एक हजार एक सौ चौबीस शिक्षकों की काउंसिलिंग इक्कीस नवम्बर से पच्चीस नवम्बर तक होगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी जावेद आलम ने यह जानकारी दी।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।